# बीएचईएल की GeM के माध्यम से खरीद में भारी उछाल, वित्तीय वर्ष 2021-22 की पहली छमाही में आंकड़ा 1,500 करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली, सितंबर 29: बीएचईएल प्रमुखता से सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद कर रहा है। भारत सरकार ने व्यापार करने में सरलता और पारदर्शिता को बढ़ाने की दिशा में एक पहल के रूप में ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल का आरम्भ किया था। यह वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद हेतु एकीकृत सार्वजनिक खरीद पोर्टल है।

GeM के माध्यम से कंपनी की खरीद गत वित्त वर्ष 2020-21 में 389 करोड़ रुपये की खरीद की तुलना में चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में 1,500 करोड़ रुपये को पार कर गई है। GeM पोर्टल के माध्यम से प्रमुखत: स्टील, सीमेंट, केबल, विभिन्न उप-असेंबली आदि की खरीद की गई है। बीएचईएल को चालू वर्ष की पहली तिमाही के दौरान इस पोर्टल से खरीद के लिए शीर्ष 20 सार्वजनिक उपक्रमों में प्रथम स्थान दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि बीएचईएल न केवल GeM के माध्यम से वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद कर रहा है अपितु इस मंच पर विभिन्न उत्पादों के लिए 'विक्रेता' के रूप में भी पंजीकृत है तथा इसी से ऑर्डर प्राप्त कर रहा है।

GeM के माध्यम से खरीद को अपनाकर, कंपनी भारत सरकार के विभिन्न निर्देशों जैसे सामान्य वित्तीय नियम, केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) दिशानिर्देश, सार्वजनिक खरीद नीति - मेक इन इंडिया, एमएसई, स्टार्टअप आदि के साथ पारदर्शिता और अनुपालन सुनिश्चित कर रही है। इससे खरीद में सरलता और दक्षता बढ़ रही है। इन प्रयत्नों का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत की दिशा में राष्ट्र के प्रयासों को बल देना भी है।

मुख्यत: कंपनी डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करके अपनी खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रही है तथा GeM के माध्यम से खरीद को बढ़ाकर लागत में पर्याप्त बचत सुनिश्चित कर रही है। इसका लक्ष्य इससे संबंधित प्रत्येक बीएचईएल कर्मचारी द्वारा एकल डैशबोर्ड के माध्यम से डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करना है।

बीएचईएल तथा GeM के बीच आपसी सहयोगात्मक प्रयासों से यह सफल परिवर्तन संभव हुआ है। कंपनी अब इस पोर्टल का उपयोग संगठन में आंतरिक खरीद के लिए प्रणालीगत परिवर्तनों को आगे बढ़ाने के लिए कर रही है।

---